NOT APPROVED

हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 29 फरवरी, 2016/10 फाल्गुन, 1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 12

बाढ़ नियन्त्रण कार्य

1150 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में जिला कुल्लू के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के मण्डल कुल्लू तथा शमशी में किस-किस नदी पर कहां-कहां बाढ़ नियन्त्रण कार्य निर्माणाधीन है तथा प्रत्येक कार्य पर कितनी-कितनी धनराशि खर्च की गई और कार्य पूर्ण करने हेतु कितनी धनराशि की आवश्यकता है; ब्यौरा मण्डलशः कार्यवार दें?

सुरक्षा दीवार हेतु धनराशि

1151 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में कुल्लू जिला में भारी हिमपात तथा वर्षा के कारण कुल कितनी क्षति हुई तथा कितने लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए और इन घरों को बचाने हेतु सुरक्षा दीवार लगाने के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए; और

(ख) किस-किस पात्र व्यक्ति के घर बचाने हेतु सुरक्षा दीवार लगाई गई तथा उन पर कितना-कितना खर्च हुआ; ब्यौरा दें ?

NOT APPROVED

पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति

1152 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि कुल्लू एवं मनाली शहर को स्वीकृत 24x7 घण्टे पेयजल उपलब्ध करवाने की निर्माणाधीन योजना की अद्यतन स्थिति क्या है ?

सहकारी बैंक की शाखा

1153 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक प्रदेश में कहां-कहां पर H.P.State Co-operative Bank की शाखाएं व Extension counter खोले/स्तरोन्नत किए गए; ब्यौरा नाम सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

धनराशि की अदायगी

1154 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्ष 2015 में प्रदेश में कितनी सेब की पेटियों का उत्पादन हुआ ;

(ख) यह सत्य है कि वर्ष 2013, 2014 व 2015 में HPMC व HIMFED द्वारा बागवानों से मण्डी मध्यस्थता योजना (MIS)के अन्तर्गत क्रय किए गए सेबों की राशि का भुगतान बकाया है; यदि हाँ, तो कितनी राशि का भुगतान शेष है; ब्यौरा वर्षवार अलग-अलग दें; और

(ग) शेष राशि का भुगतान बागवानों को कब तक कर दिया जाएगा ?

स्वास्थ्य संस्थान खोलने हेतु मापदण्ड

1155 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नये Health Sub-Center, PHC, CHC और Civil Hospsital खोलने के क्या-क्या मापदण्ड हैं; मापदण्डों की प्रति सभा पटल पर रखें?

NOT APPROVED

वन मण्डलाधिकारी को शक्तियां

1156 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने कुछ विकास योजनाओं/कार्यों के प्रयोग हेतु वन भूमि को हस्तांतरित करने की शक्तियां DFOs को प्रदान की हैं; और

(ख) यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

योजना की डी0पी0आर0

1157 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि प्रीणी से बिजली महादेव के लिए मध्यम सिंचाई योजना(MIS) को विधायक प्राथमिकता में डाला गया है;

(ख) यदि हां, तो कब; और

(ग) इसकी डी0पी0आर0 क्या बना दी गई है; ब्यौरा इसकी अनुमानित लागत सहित दें?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना

1158 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांजू, देहरा तथा ग्राम पंचायत जुन्गरा व खजुआ में क्या PHC खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

पांगी की तर्ज पर योजना

1159 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत टेपा, मंगली, देवीकोठी, मनसा में काफी बर्फ पड़ती है जिसके कारण पानी नलों में ही जम जाता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या पांगी की तर्ज पर इन इलाकों के लिए पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु नए प्रबन्ध करने पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

धनराशि का वितरण

1160 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में Calamity Relief Fund(CRF)/Natural Calamity Relief Fund (NCRF) के अंतर्गत किस-किस विभाग तथा किस-किस व्यक्ति को कितनी-कितनी धनराशि दी गई; ब्यौरा दें; और

(ख) विभागों ने इस धनराशि को किस-किस मद में खर्च किया; ब्यौरा मदवार व व्यक्तियों को कार्य के लिए दी गई धनराशि सहित दें ?

पेयजल/सिंचाई योजनाएं

1161 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की कितनी पेयजल और सिंचाई योजनाएं डाली गई; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004.
दिनांक: 12 **फरवरी,** 2016 .

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव।

NOT APPROVED